Fourteenth Loksabha

Session : 9
Date : 04-12-2006

Participants : Yadav Shri Parasnath

an>

Title: Need to make Jaunpur railway station functional and make provisions for stoppage of trains.

श्री पारसनाथ यादव (जौनपुर) : महोदय, स्वतंत्रता से पूर्व सन् 1925 में ब्रिटिश शासन के दौरान जौनपुर कचेहरी के नाम से जौनपुर में रेलवे स्टेशन की स्थापना की गई, जिसे विगत कुछ वर्ा पूर्व तोड़ दिया गया तथा 21 जुलाई, 2006 से वहां एकमात्र रुकने वाली पैसेन्जर ट्रेन का ठहराव भी समाप्त कर दिया गया। जौनपुर कचेहरी रेलवे स्टेशन कलेक्ट्रेट कार्यालय, न्यायालय, दीवानी न्यायालय एवं बैंक इत्यादि जौनपुर कचेहरी स्टेशन के पास ही हैं। जौनपुर जिला होने के कारण अन्य जिलों एवं दूरदराज के स्थानों से प्रतिदिन लाखों व्यक्ति अपनी दिनचर्या एवं जीविका के लिए यहां आते हैं। उक्त स्टेशन के टूटने से जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिस कारण अधिवक्ता, वादकारी, छात्र, अध्यापक एवं कर्मचारी वर्ग आंदोलन करने पर उतारू हैं। जनता में व्यापक रोा को देखते हुए तथा जौनपुर कचहरी रेलवे स्टेशन की उपयोगिता को दृटिगत रखते हुए जनहित में पैसेन्जर ट्रेनों का ठहराव, टिकट वितरण एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं को बहाल किया जाना आवश्यक है।

अतः सदन के माध्यम से जनहित में केंद्र सरकार से मेरा अनुरोध है कि जनता की व्यापक मांग को देखते हुए जौनपुर कचेहरी स्टेशन को बिहाल किया जाए तथा उस पर रुकने वाली गाड़ियों का ठहराव कराया जाए।